# संस्कृति को मुंबई इंडियंस ने 20 लाख में खरीदा

## सीधी की ऑलराउंडर दूसरे साल भी बनी एमआई की पसंद



**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 28 नवम्बर. सीधी की युवा क्रिकेटर संस्कृति गुप्ता को वीमेंस प्रीमियर लीग ( डब्ल्यूपीएल ) के ऑक्शन में मुंबई इंडियंस ने 20 लाख में खरीदा लिया है।**

सीधी शहर के वार्ड क्रमांक 19 की निवासी संस्कृति की बेस प्राइस 20 लाख रुपए निर्धारित की गई है। संस्कृति गुप्ता ने मात्र 7 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। 16 वर्ष की आयु में उन्होंने सीधी छोड़कर शहडोल में कोच नीतू श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण के बाद उन्होंने जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। संस्कृति के पिता राजकुमार गुप्ता उर्फ बॉबी गुप्ता मजदूरी करते हैं। परिवार में दो बहनें और एक भाई हैं।सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद संस्कृति ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को बनाए रखा। शहडोल के बाद उन्होंने चंडीगढ़ और मुंबई में भी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। संस्कृति एक ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं, जो स्पिन गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी माहिर हैं।पिछले वर्ष डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस ने उन्हें 10 लाख रुपए में खरीदा था। इस बार वह एक बार फिर नीलामी तालिका में शामिल हैं। संस्कृति को खेल के प्रति प्रेरणा अपने पिता राजकुमार गुप्ता से मिली, जो स्वयं एक फुटबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं।

# एक्स-रे का इंतजार कर रहे वृद्ध ने दम तोड़ा

## आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा



**नवभारत न्यूज**

**सतना 28 नवंबर. सीने में दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे वृद्ध को चिकित्सक द्वारा एक्स-रे कराने की सलाह दी गई. लेकिन एक्स-रे कराने के लिए 2 घंटे का इंतजार वृद्ध की मौत का सबब बन गया. इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में खासा हंगामा किया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कोटर वार्ड क्र. 2 के निवासी गणेश सोनी पिता राम प्रसाद उम्र 62 वर्ष को गुरुवार की रात से ही सीने में दर्द की समस्या शुरु हो गई. जिसे देखते हुए उनकी पत्नी कलावती और बेटी पूजा उन्हें लेकर दोपहर लगभग 2 बजे जिला चिकित्सालय पहुंचे. इमरजेंसी युनिट में मौजूद चिकित्सक ने वृद्ध गणेश के स्वास्थ्य की जांच की और परिजनों से मरीज का एक्स-रे कराने की सलाह दी. जिसके चलते पत्नी और बेटी दोनों मिलकर गणेश को अस्पताल के नैदानिक केंद्र में ले गए. लेकिन उस दौरान भोजनावकाश की वजह से एक्स-रे युनिट बंद हो गई थी. जिसे देखते हुए परिजन वहा पर निकट ही खाली स्थान पर मरीज को बैठाकर इंतजार करने लगे. वहीं शाम के 4:30 बजते-बजते वृद्ध मरीज की तबियत बिगड़ने लगी. इससे पहले ही पत्नी और बेटी कुछ समझ पाते, वृद्ध की मौत हो गई. पिता की हालत देख बेटी बुरी तरह घबरा गई और फौरन ही स्ट्रेचर पर लादकर पिता को एक बार फिर इमरजेंसी युनिट पहुंच गई. जहां पर ड्यूटी डॉक्टर ने दोबारा जांच की. लेकिन तब तक वृद्ध की मौत हो चुकी थी. यह जानकारी सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया.इतना ही नहीं बल्कि चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उन्होंने हंगाम शुरु कर दिया.

### मर्चुरी भेजा गया शव

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन सहित अन्य लोगों का जमावड़ा जिला अस्पताल में लग गया . हंगाम बढ़ता देख परिजनों से लिखित शिकायत की मांग करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया . इसी कड़ी में परिजनों के आरोप को देखते हुए पुलिस द्वारा शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई . लेकिन जैसे ही पुलिस द्वारा शव को मर्चुरी ले जाया जाने लगा वैसे ही परिजनों ने एक बार फिर हंगामा करने का प्रयास किया .

# कचरा बीनने वाली महिलाओं ने गोदाम से किया माल पार

- शहर के मार्तण्ड काम्पलेक्स में चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 नवम्बर, शहर में अब नए तरीके से चोरी को अंजाम देने का मामला सामने आया है. चोर कोई और नही बल्कि पांच की संख्या में कचरा बिनने वाली महिलाएं है. जिनके द्वारा इलेक्ट्रानिक कटर से ताला काट कर गोदाम से माल पार कर दिया.**

सुबह इसकी जानकारी दुकान संचालको हुई और पुलिस की सूचना दी. दरअसल यह मामला अमहिया थाना अन्तर्गत मार्तण्ड काम्पलेक्स का है. जानकारी के मुताबिक गोप स्वीट्स के पीछे पालकी साड़ी दुकान का गोदाम बना हुआ है. जहा गुरूवार की सुबह सवा 7 बजे पांच की संख्या में महिलाएं पहुंची. सभी सर ढकी थी और हाथ में कचरा एकत्र करने वाली बोरियां थी. कई दुकानो में ताला खोलने का प्रयास किया गया. इसके बाद पालकी साड़ी के गोदाम का ताला इलेक्ट्रानिक कटर जैसी चीज से काटा गया और उसके बाद बकायदे शटर उठाकर गोदाम में रखे कई जोड़ी लंहगे पार कर दिया. चोर महिलाओं की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. वारदात को अंजाम देने के बाद सभी महिलाएं एक-एक कर पालकी साड़ी के सामने से होते हुए पीली कोठी तरफ जाते दिखी. चोरी के बाद शटर को बंद कर दिया गया था. दुकान संचालक बलराम मोटवानी को इसकी जानकारी शाम को हुई जब कर्मचारी गोदाम पहुंचे तो दोनो ताले गायब थे. उसके बाद सीसीटीवी कैमरा खंगाला गया. पूरे मामले की जानकारी अमहिया पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फोटो-वीडियो देखी और चोर महिलाओं की तलाश की जा रही है. इस तरह की चोरी पहली बार देखने को मिली है. संचालक बलराम मोटवानी ने बताया कि गोदाम से कई लंहगे गायब है, कितना सामान गया है इसकी भी जानकारी नही है क्योंकि गोदाम में बहुत सारा माल बिखरा पड़ा है. उधर पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# राज्य सैनिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 दिसम्बर तक

**सतना 28 नवम्बर.** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों की पढाई के छात्रवृत्ति हेतु राज्य सैनिक बोर्ड भोपाल की बेवसाइट से आनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिनके द्वारा अभी तक फार्म नहीं भरे गये हैं या केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की बेवसाइट में छात्रवृत्ति हेतु 20 दिसम्बर 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

# नवजात शिशु के शव को नोच रहा था कुत्ता

## स्थानीय लोगों ने भगाया

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 नवम्बर, शहर के चोरहटा थाना अन्तर्गत मैदानी स्थित हाउसिंग बोर्ड अटल परिसर में शुक्रवार को कुत्तो द्वारा एक नवजात बच्ची के शव को नोचते देखा गया.**

स्थानीय लोगो ने यह नजारा देख तत्काल शोर मचाकर कुत्तो को भगाया और घटना की जानकारी चोरहटा पुलिस को दी. सूचना मिलते ही मौके पर चोरहटा पुलिस पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया. पुलिस के अनुसार मृत नवजात लगभग एक दिन की है. शुरूआती जांच में आशंका व्यक्ति की गई कि किसी ने जन्म के तुरंत बाद बच्ची को फेक दिया होगा. फिलहाल पुलिस जांच कर रही है और नवजात के शव को पीएम के लिये संजय गांधी अस्पताल भेजा गया. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से मामले की जांच कर रही है ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके. इस मामले में थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि बच्ची का शव कौन छोड़कर गया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया है. पुलिस जांच कर रही है जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

# छात्रों ने कलेक्टर से की शिकायत, शिक्षक पर धर्मांतरण कराने का आरोप

## शिक्षक पर विवादित व्यवहार की शिकायत, टीका मिटाने, कलावा हटवाने और बौद्ध धर्म अपनाने का बनाते हैं दबाव

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 नवम्बर । जिले के करेला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एक बार फिर विवादों में आ गया है। विद्यालय के कई छात्रों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि शिक्षक दशरथ साकेत स्कूल परिसर में छात्रों पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हैं। छात्रों का कहना है कि शिक्षक उन बच्चों को अपमानित करते हैं जो सरस्वती पूजा करते हैं, माथे पर टीका लगाते हैं या कलाई में कलावा बांधते हैं।**

> **इनका कहना है**
>
> करैला स्कूल के छात्रों के द्वारा शिकायत की गई है। इसकी जांच कराई जाएगी, अगर शिक्षक दोषी पाया गया, तो अवश्य कार्रवाई की जाएगी।
>
> **एसबी सिंह**
> डीईओ, सिंगरौली

बता दें कि शिकायतकर्ताओं में छात्र इंद्रेश कुमार, विक्की कुमार और विमलेश कलेक्ट्रेट पहुंच शिकायत की है। छात्रों का कहना है कि यदि कोई छात्र सरस्वती की पूजा करता है या माथे पर टीका लगाता है तो शिक्षक न केवल पूजा करने से रोकते हैं, बल्कि छात्रों के माथे का टीका भी मिटवा देते हैं। इतना ही नहीं, हाथ में कलावा बांधने पर शिक्षक द्वारा गाली-गलौज किए जाने और आगे से कलावा न बांधने की चेतावनी



देने का भी आरोप लगाया गया है। छात्रों ने बताया कि शिक्षक उन्हें प्रोत्साहित करते हैं कि वे भगवान की पूजा न करें और बौद्ध धर्म अपनाएं। छात्रों ने कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि स्कूल में पढ़ाई प्रभावित न हो और किसी भी प्रकार का वैचारिक दबाव छात्रों पर न डाला जा सके। शिकायत के बाद शिक्षा विभाग में भी हलचल मच गई है और मामले की जांच की संभावना बढ़ गई है। इस मामले में पूर्व छात्र शिवानंद बैस भी आगे आए हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई नया मामला नहीं है। पूर्व में भी दशरथ साकेत द्वारा कई छात्रों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया था। शिवानंद के अनुसार शिक्षक छात्रों से कहते थे कि भगवान को मत मानो, अंबेडकर को भगवान मानो और बौद्ध धर्म को अपनाओ। पूर्व में भी इस संबंध में शिकायतें की गई थीं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई न होने के कारण छात्रों में असंतोष बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में जिले में एक दर्जन से अधिक धर्मांतरण के मामले उजागर हो चुके हैं, जिनमें कई महिलाओं और पुरुषों को गिरफ्तार भी किया गया है। इसके बाद भी अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे प्रयास गुप्त रूप से जारी रहने की शिकायतें मिलती रहती हैं।

### धर्म परिवर्तन की घटनाएं प्रशासन के लिए चुनौती

जिले में लगातार बढ़ रहे कथित धर्म परिवर्तन के मामले प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। कई बार शिकायतें और कार्रवाई होने के बावजूद ऐसे प्रयासों का पूरी तरह रुकना संभव नहीं हो पा रहा है। इन घटनाओं के चलते स्थानीय स्तर पर सामाजिक तनाव बढ़ता है और नागरिकों में असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न होती है। प्रशासन के सामने कठिनाई यह है कि अधिकांश मामले गुप्त रूप से या व्यक्तिगत संपर्कों के माध्यम से सामने आते हैं, जिनकी समय पर पुष्टि और जांच मुश्किल हो जाती है। ऐसे में जिला प्रशासन को लगातार सतर्क रहने, निगरानी बढ़ाने और सामुदायिक जागरूकता के माध्यम से सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने की बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# माड़ा पुलिस ने ओखरावल से पकड़ा रेत लोड ट्रैक्टर



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 नवम्बर ।जिले के माड़ा पुलिस ने बीते दिन गुरूवार को अवैध रेत लोड एक ट्रैक्टर को ओखरावल से पकड़ कर थाना में खड़ा कराते हुये खान खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई ।**

इधर जानकारी में माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि म्यार नदी ग्राम ओखरावल से ट्रैक्टर में रेत का अवैध रूप से उत्खनन कर चोरी छिपे परिवहन किया जा रहा है, तब सूचना पर थाना प्रभारी माड़ा के निर्देश पर प्रआर रामसुख यादव हमराह स्टाफ आर 131 अखिल साहू, राजकुमार सिंह, आबिद कुरैसी के मौके से मिले 2 स्वतंत्र गवाहानों को साथ लेकर दबिश दी गई, जहां ग्राम ओखरावल में एक बिना नंबरी नीले कलर का सोनालिका कंपनी का डीआई 35 ट्रैक्टर जिसके ट्राली में रेत लोड कर ट्रैक्टर के चालक द्वारा अवैध परिवहन करते पाया गया, ट्रैक्टर को मय चालक के साथ पुलिस स्टॉफ व गवाहों की मदद से पकड़ा जाकर उपरोक्त ट्रैक्टर को मय ट्राली व ट्राली में लोड अवैध रेत के जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। ट्रैक्टर चालक का यह कृत्य धारा 303(2),317 (2) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत दंडनीय पाये जाने से उक्त ट्रैक्टर को जप्त थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कर वापसी पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आये हैं कि सफेद पोस के सह से अवैध परिवहन कराया जा रहा था, जिसके संबंध में ट्रैक्टर मालिक से पूछतांछ किया जाकर विवेचना की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा, सउनि अवधेश पटेल, प्रआर रामसुख यादव, आर अखिल साहू, राजकुमार सिंह, आबिद कुरैसी की सराहनीय भूमिका रही।

# पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 28 नवम्बर, सिविल लाइन थाना अन्तर्गत बलात्कार के मामले में फरार चल रहा पांच हजार का इनामी आरोपी 6 महीने बाद पुलिस के हाथ लग गया. मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.**

26 मई को फरियादिया ने थाना आकर आरोपी महेंद्र कुमार नट के विरुद्ध शादी का झांसा देकर गलत काम करने व जान से मारने की धमकी देने संबंधित रिपोर्ट लेख कराई गई थी. जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की. आरोपी पुलिस के पकड़े जाने के डर से 7 महीनों से लगातार फरार चल रहा था. 27 नवम्बर को मुखबिर से सूचना मिली कि महेंद्र उर्फ अंकित नट इंजीनियरिंग कॉलेज के पास दिखा है. सूचना पर तत्काल टीम रवाना किया जाकर मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचा तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा. जिसे पुलिस बल की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया. नाम पता पूछा तो अपना नाम महेंद्र कुमार नट उर्फ अंकित पिता जगन्नाथ नट उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गिरबो थाना सेमरिया रीवा का होना बताया. जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने जुर्म स्वीकार किया. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.


**पश्चिम मध्य रेल**

**यांत्रिक शाखा**

**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है :- **निविदा सूचना क्रमांक:** JBP-M-Tender-30-2025, दिनांक: 25.11.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** कै.वै. एनकेजे और सतना में ब्रेक वैन में एडजस्टेबल गार्ड चेयर और दूसरी ज़रूरी सुविधाओं का इंतज़ाम । **कार्य का विज्ञापित मूल्य:** ₹14296227.00/- **बयाना राशि:** ₹ 221500.00/- **समापन अवधि:** 09 माह **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 17.12.2025 15:00 Hrs उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

(हस्ता.)

**DRM (Mech) West Central Railway Jabalpur**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4260

## यह लाभ उन्हीं किसानों को जिन्होंने मंडी में बेची फसल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 28 नवम्बर. भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 28 नवंबर को 4260 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है।**

इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 और 27 नवंबर को 4252 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।


# भूतपूर्व सैनिक पीपीओ में पत्नी तथा बच्चों का नाम जुडवाएं

**सतना 28 नवम्बर.** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सूचित किया गया है कि जिन भूतपूर्व सैनिकों की पत्नियों एवं बच्चों अथवा विधवाओं का नाम पीपीओ में अभी तक नहीं जुडा है। वे शीघ्र पीपीओ में नाम जुडवायें जिससे पारिवारिक पेंशन स्वीकृत कराने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने यह जानकारी रक्षा मंत्रालय से मिले नये दिशा निर्देशों के तहत दी है.

# जबड़े के ट्यूमर को निकल कर लगाया टाइटेनियम का जबड़ा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 28 नवंबर.डॉ अभिषेक मिश्रा ने हाल फिलहाल ने पुनः एक महिला के बाएं भाग में पनप रहे जबड़े के ट्यूमर की बड़ी सर्जरी आयुष्मान से कर के गरीब महिला की मदद की है।**



सेमरिया क्षेत्र की महिला जिसके बाएं निचले जबड़े का दांत लंबे समय से खराब था। लापरवाही के कारण धीरे धीरे हड्डी में इन्फेक्शन बढ़ता गया तथा 2 साल में ऑस्टियोमिलिटीज नमक हड्डी के इन्फेक्शन से ट्यूमर का रूप ले लिया जिसमें दाएं भाग का पूरा जबड़ा खराब हो गया। ओरा मैक्स दंत चिकित्सालय में डॉ अभिषेक मिश्रा से संपर्क आने के बाद सभी जरूरी जांच करवा कर मरीज का ऑपरेशन विंध्य हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के तहत नि शुल्क किया गया। जिसमें सम्बन्धति जबड़े की निकल कर उसकी जगह टाइटेनियम का जबड़ा लगाया गया। मरीज सामान्य खाना खा रही है तथा हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई हैं। भविष्य में इस तरह के जबड़े में दांत भी लगाया जा सकता है जिससे मरीज पूरी तरह सामान्य सामाजिक जीवन जी सकता है। ऑपरेशन के लिए मरीज के परिजन ने डॉ अभिषेक मिश्रा एवं विंध्य हॉस्पिटल ओटी स्टाफ एवं प्रबंधन का धन्यवाद किया है।


**आवश्यकता है केयर टेकर की**

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके. कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता. 12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें

9826461065


# दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान को लेकर आयोजित हुआ प्रशिक्षण




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 28 नवम्बर। दुग्ध समृध्दि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिले के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, गौसेवक एवं मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रभारी पशु प्रजनन कार्य क्रम अधिकारी एवं प्रदेश स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर के द्वारा दुग्ध उत्पादन प्रदेश में दुगुना करने के लिए नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं अच्छा पशु पोषण के वैज्ञानिक तरीके की जानकारी दिया गया । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा में दिया गया।**

अभियान का मुख्य उद्दे प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश में 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत गाँव-गाँव पशुपालकों से व्यक्ति सम्पर्क किया जायेगा और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा।




डॉ.अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
- ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
- फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
- गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ

समयः सुबह 10 से शायं 07 बजे तक

12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव

मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक बिरला हॉस्पिटल,सतना

ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
पताः चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99